**Series BVM/2**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **61/2/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages and **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **16** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***3 दो*** *अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***4*** *से* ***9 चार*** *अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***10*** *से* ***12 आठ*** *अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***350*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***13*** *से* ***15*** *स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***16*** *मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण परीक्षण मदों का स्थान दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *Answer* ***all*** *the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

*(ii)* *Answer to questions no.* ***1*** *to* ***3*** *carrying* ***2*** *marks should not exceed* ***30*** *words each.*

*(iii)* *Answer to questions no.* ***4*** *to* ***9*** *carrying* ***4*** *marks should not exceed* ***100*** *words each.*

*(iv)* *Answer to questions no.* ***10*** *to* ***12*** *carrying* ***8*** *marks should not exceed* ***350*** *words each.*

*(v)* *Questions no.* ***13*** *to* ***15*** *are source based questions.*

*(vi)* *Question no.* ***16*** *is a Map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

**खण्ड क**

**PART A**

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

**(Very Short-Answer Type Questions)** *2×3=6*

**1.** "भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) ने हड़प्पाई सभ्यता के इतिहास में व्यापक परिवर्तन किए हैं ।" दो साक्ष्यों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए । *2*

"Archaeological Survey of India (ASI) has marked a major change in the history of Harappan civilization." Support the statement with two evidences.

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**2.** मुग़ल कृषि समाज में जाति पंचायतों की भूमिका का उल्लेख कीजिए । *2*

State the role of Jati Panchayats in the Mughal agrarian society.

**3.** जयपाल सिंह ने संविधान सभा में आदिवासियों की सुरक्षा के लिए दलील क्यों दी ? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

जवाहरलाल नेहरू द्वारा पेश किए गए 'उद्देश्य प्रस्ताव' में प्रस्तुत आदर्शों की व्याख्या कीजिए । *2*

Why did Jaipal Singh plead for the protection of tribes in the Constituent Assembly ? Explain any two reasons.

**OR**

Explain the ideals expressed in 'Objectives Resolution' introduced by Jawaharlal Nehru.

## खण्ड ख

## PART B

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

## (Short-Answer Type Questions) *4×6=24*

**4.** "हड़प्पा शहरों की सबसे अनूठी विशिष्टताओं में से एक ध्यानपूर्वक नियोजित जल निकास प्रणाली थी ।" इस कथन को प्रमाणित कीजिए । *4*

"One of the most distinctive features of Harappan cities was the carefully planned drainage system." Substantiate the statement.

**5.** विजयनगर के राजकीय केन्द्र में महानवमी डिब्बा से जुड़े अनुष्ठानों का विश्लेषण कीजिए । *4*

**अथवा**

विजयनगर साम्राज्य में प्रारम्भ की गई अमर-नायक प्रणाली की मुख्य विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए । *4*

Analyse the rituals associated with Mahanavami Dibba at the Royal Centre in Vijayanagara.

**OR**

Analyse the main features of Amara-Nayaka System which was introduced in Vijayanagara Empire.

**6.** सूफी-सिलसिला के विशिष्ट पहलुओं का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the distinctive aspects of Sufi-Silsila.



StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**7.** "रॉलेट सत्याग्रह से ही गाँधीजी एक सच्चे राष्ट्रीय नेता बन गए ।" कथन को प्रमाणित कीजिए । *4*

"It was the Rowlatt Satyagraha that made Gandhiji a truly national leader." Substantiate the statement.

**8.** औपनिवेशिक सरकार ने देश के विभिन्न भागों के नियमित सर्वेक्षण और मानचित्र तैयार करने पर विशेष ध्यान क्यों दिया था ? स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

अवध के ताल्लुकदार और सिपाही 1857 के विद्रोह से क्यों जुड़े ? स्पष्ट कीजिए । *4*

Why was the Colonial Government keen on carrying out regular surveys and mapping various parts of the country ? Explain.

**OR**

Why did Taluqdars and Sepoys of Awadh join the Revolt of 1857 ? Explain.

**9.** पुरातत्त्ववेत्ता बी.बी. लाल द्वारा मेरठ, उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर नामक गाँव के उत्खनन में प्राप्त किए गए किन्हीं दो प्रमाणों की परख कीजिए । *2×2=4*

Examine any two evidences found by the archaeologist B.B. Lal after excavation at a village named Hastinapur in Meerut, Uttar Pradesh.

**खण्ड ग**

**PART C**

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

**(Long-Answer Type Questions)** *8×3=24*

**10.** उन घटनाओं को स्पष्ट कीजिए जिनके परिणामस्वरूप साम्प्रदायिक राजनीति और भारत का विभाजन हुआ । *8*

**अथवा**

भारत के विभाजन को समझने में मौखिक इतिहास की खूबियों और कमज़ोरियों की व्याख्या कीजिए । *8*

Explain the events that led to the communal politics and Partition of India.

**OR**

Explain the strengths and limitations of oral testimonies in the understanding of Partition of India.

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**11.** भारतीय शहरों के बारे में इब्न बतूता के वृत्तांत का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

बर्नियर के ग्रंथ "टैवल्स इन द मुग़ल एम्पायर" के गहन प्रेक्षण और आलोचनात्मक अंतर्दृष्टि का वर्णन कीजिए । *8*

Describe Ibn Battuta's account of Indian cities.

**OR**

Describe the detailed observations and critical insights given in the Bernier's "Travels in the Mughal Empire".

**12.** "बौद्ध धर्म, बुद्ध के जीवनकाल के दौरान और उनकी मृत्यु के बाद भी तेज़ी से फैला ।" उपयुक्त तर्कों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । *8*

**अथवा**

"ई.पू. 600 से ई.सं. 600 तक की बची हुई इमारतों में सबसे सुरक्षित साँची का स्तूप है ।" उपयुक्त तर्कों सहित कथन की पुष्टि इसकी मूर्तिकला विशेषताओं और उन्नीसवीं शताब्दी में किए गए संरक्षण के संदर्भ में कीजिए । *8*

"Buddhism grew rapidly both during the lifetime of the Buddha and after his death." Justify the statement with suitable arguments.

**OR**

"Among the best preserved monuments of the 600 BCE to 600 CE is the Stupa at Sanchi." Justify the statement with suitable arguments in the context of its sculptural features and conservation policy taken up in the nineteenth century.

downloaded from StudentSuvidha.com

## खण्ड घ
## PART D
## (स्रोत आधारित प्रश्न)
## (Source Based Questions) *7×3=21*

**13.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**दरबार में अभिजात**

अकबर के दरबार में ठहरा हुआ जेसुइट पादरी फादर एंटोनियो मॉन्सेरेट उल्लेख करता है :

> सत्ता के बेधड़क उपयोग से उच्च अभिजातों को रोकने के लिए राजा उन्हें दरबार में बुलाता है और निरंकुश आदेश देता है जैसे कि वे उसके दास हों । इन आदेशों का पालन उन अभिजातों के उच्च ओहदे और हैसियत से मेल नहीं खाता था ।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(13.1) अकबर और उसके अभिजातों के बीच सम्बन्ध की परख कीजिए । 2

(13.2) आप यह कैसे सोचते हैं कि अभिजात-वर्ग मुग़ल राज्य का एक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ था ? 2

(13.3) इस सम्बन्ध के विषय में जेसुइट पादरी फादर एंटोनियो मॉन्सेरेट के प्रेक्षण की व्याख्या कीजिए । 3

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Nobles at court**

The Jesuit Priest Father Antonio Monserrate, resident at the court of Akbar, noticed :

> In order to prevent the great nobles becoming insolent through the unchallenged enjoyment of power, the King summons them to court and gives them imperious commands, as though they were his slaves. The obedience to these commands ill suits their exalted rank and dignity.

(13.1) Examine the relationship between Akbar and his nobles.

(13.2) How do you think that the nobility was an important pillar of the Mughal State ?

(13.3) Explain the observation of the Jesuit Priest Father Antonio Monserrate regarding this relationship.

**14.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**प्रभावती गुप्त और दंगुन गाँव**

प्रभावती गुप्त ने अपने अभिलेख में यह कहा है :

प्रभावती ग्राम कुटुंबिनों (गाँव के गृहस्थ और कृषक), ब्राह्मणों, और दंगुन गाँव के अन्य वासियों को आदेश देती है ...

"आपको ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को धार्मिक पुण्य प्राप्ति के लिए इस ग्राम को जल अर्पण के साथ आचार्य चनालस्वामी को दान किया गया है । आपको इनके सभी आदेशों का पालन करना चाहिए ।

एक *अग्रहार* के लिए उपयुक्त निम्नलिखित रियायतों का निर्देश भी देती हूँ । इस गाँव में पुलिस या सैनिक प्रवेश नहीं करेंगे । दौरे पर आने वाले शासकीय अधिकारियों को यह गाँव घास देने और आसन में प्रयुक्त होने वाली जानवरों की खाल और कोयला देने के दायित्व से मुक्त है । साथ ही वे मदिरा खरीदने और नमक हेतु खुदाई करने के राजसी अधिकार को कार्यान्वित किए जाने से मुक्त हैं । इस गाँव को खनिज-पदार्थ और *खदिर* वृक्ष के उत्पाद देने से भी छूट है । फूल और दूध देने से भी छूट है । इस गाँव का दान इसके भीतर की संपत्ति और बड़े-छोटे सभी करों सहित किया गया है ।"

इस राज्यादेश को 13वें राज्य वर्ष में लिखा गया है और इसे चक्रदास ने उत्कीर्ण किया है ।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com
downloaded from StudentSuvidha.com

(14.1) प्रभावती गुप्त ने अभिलेख द्वारा अपने अधिकार को किस प्रकार प्रदर्शित किया ? *2*

(14.2) अभिलेख से हमें ग्रामीण लोगों के बारे में किस प्रकार की जानकारी मिलती है ? *2*

(14.3) प्रभावती गुप्त द्वारा जारी किए गए राज्यादेश के महत्त्व की जाँच कीजिए । *3*

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Prabhavati Gupta and the village of Danguna**

This is what Prabhavati Gupta states in her inscription :

Prabhavati Gupta ... commands the *gramakutumbinas* (householders/peasants living in the village), Brahmanas and others living in the village of Danguna ...

"Be it known to you that on the twelfth (lunar day) of the bright (fortnight) of Karttika, we have, in order to increase our religious merit donated this village with the pouring out of water, to the Acharya (teacher) Chanalasvamin ... You should obey all (his) commands ...

We confer on (him) the following exemptions typical of an *agrahara* ... (this village is) not to be entered by soldiers and policeman; (it is) exempt from (the obligation to provide) grass, (animal) hides as seats, and charcoal (to touring royal officers); exempt from (the royal prerogative of) purchasing fermenting liquors and digging (salt); exempt from (the right to) mines and *khadira* trees; exempt from (the obligation to supply) flowers and milk; (it is donated) together with (the right to) hidden treasures and deposits (and) together with major and minor taxes ..."

This charter has been written in the thirteenth (regnal) year. (It has been) engraved by Chakradasa.

(14.1) How did Prabhavati Gupta show her authority through the inscription ?

(14.2) How did the inscription give us an idea about the rural population ?

(14.3) Examine the importance of the charter issued by Prabhavati Gupta.

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**15.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**संथालों के बारे में बुकानन के विचार**

बुकानन ने लिखा :

> नयी ज़मीनें साफ़ करने में वे बहुत होशियार होते हैं लेकिन नीचता से रहते हैं । उनकी झोपड़ियों में कोई बाड़ नहीं होती और दीवारें सीधी खड़ी की गई छोटी-छोटी सटी हुई लकड़ियों की बनी होती हैं जिन पर भीतर की ओर लेप (पलस्तर) लगा होता है । झोपड़ियाँ छोटी और मैली-कुचैली होती हैं; उनकी छत सपाट होती हैं, उनमें उभार बहुत कम होता है ।

(15.1) ईस्ट इंडिया कंपनी के एजेंट के रूप में बुकानन की भूमिका का परीक्षण कीजिए । *2*

(15.2) संथालों के आर्थिक क्रियाकलापों का विश्लेषण कीजिए । *2*

(15.3) बुकानन ने संथालों की रहन-सहन की दशाओं का किस प्रकार वर्णन किया है ? *3*

**अथवा**

निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**कर्ज़ कैसे बढ़ते गए**

दक्कन दंगा आयोग को दी गई अपनी याचिका में एक रैयत ने यह स्पष्ट किया कि ऋणों की प्रणाली कैसे काम करती थी :

> एक साहूकार अपने कर्ज़दार को एक बंधपत्र के आधार पर 100 रु. की रकम 3-2 आने प्रतिशत की मासिक दर पर उधार देता है । कर्ज़ लेने वाला इस रकम को बांड पास होने की तारीख से आठ दिन के भीतर वापस अदा करने का करार करता है । रकम वापस अदा करने के लिए निर्धारित समय के तीन साल बाद साहूकार अपने कर्ज़दार से मूलधन तथा ब्याज दोनों को मिला कर बनी राशि (मिश्रधन) के लिए एक अन्य बांड उसी ब्याज दर से लिखवा लेता है और उसे संपूर्ण कर्ज़ा चुकाने के लिए 125 दिन की मोहलत दे देता है । तीन साल और 15 दिन बीत जाने पर कर्ज़दार द्वारा एक तीसरा बांड पास किया जाता ... (यह प्रक्रिया बार-बार दोहराई जाती है) ... 12 वर्ष के अंत में ... 1,000 रु. की राशि पर उसका कुल ब्याज 2,028 रु. 10 आना 3 पैसे हो जाता है ।

(15.1) रैयत साहूकारों से ऋण किस उद्देश्य के लिए प्राप्त करते थे ? *2*

(15.2) ऋण की प्रणाली की रैयत ने किस प्रकार व्याख्या की ? *2*

(15.3) आप यह कैसे सोचते हैं कि रैयतों द्वारा ऋण लेने का तरीका उनके लिए दुःख लाया ? *3*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Buchanan on the Santhals**

Buchanan wrote :

> They are very clever in clearing new lands, but live meanly. Their huts have no fence, and the walls are made of small sticks placed upright, close together and plastered within with clay. They are small and slovenly, and too flat-roofed, with very little arch.

(15.1) Examine the role of Buchanan as an agent of the East India Company.

(15.2) Analyse the economic activities of Santhals.

(15.3) How did Buchanan describe the living conditions of Santhals ?

**OR**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**How debts mounted**

In a petition to the Deccan Riots Commission a *ryot* explained how the system of loans worked :

> A *sowkar* lends his debtor ₹ 100 on bond at ₹ 3-2 annas per cent per mensem. The latter agrees to pay the amount within eight days from the passing of the bond. Three years after the stipulated time for repaying the amount, the *sowkar* takes from his debtor another bond for the principal and interest together at the same rate of interest, and allows him 125 days' time to liquidate the debt. After the lapse of 3 years and 15 days a third bond is passed by the debtor ... (this process is repeated) at the end of 12 years ... his interest on ₹ 1,000 amounts to ₹ 2,028-10 annas-3 paise.

(15.1) For what purpose did ryots get loans from money lenders ?

(15.2) How did the ryot explain the system of loans ?

(15.3) How do you think that the way of borrowing money by the ryots brought misery to them ?

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड ङ

## PART E

**(मानचित्र प्रश्न / Map Question)** *2+3=5*

**16.** (16.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर), में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *1×2=2*

(क) दाण्डी – राष्ट्रीय आंदोलन का एक केन्द्र ।

**अथवा**

मसुलीपटनम – 1857 में ब्रिटिश के नियंत्रण में एक नगर ।

(ख) पानीपत – मुग़लों के अधीन एक क्षेत्र ।

**अथवा**

दिल्ली

(16.2) **भारत** के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर तीन स्थलों को A, B और C के रूप में अंकित किया गया है, जो विकसित हड़प्पा स्थलों से सम्बन्धित हैं । उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

(16.1) On the given political outline map of **India** (on page 11), locate and label the following appropriately :

(a) Dandi – a centre of national movement.

**OR**

Masulipatnam – a city under British control in 1857.

(b) Panipat – a territory under Mughals.

**OR**

Delhi

(16.2) On the same political outline map of **India**, three places have been marked as A, B and C, which are related to matured Harappan sites. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 16 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 16 :*

(16.1) 1857 के विद्रोह के किसी एक केंद्र का नाम लिखिए ।

(16.2) बाबर के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(16.3) किन्हीं तीन बौद्ध स्थलों का उल्लेख कीजिए । *1+1+3=5*

**अथवा**

किन्हीं तीन विकसित हड़प्पा स्थलों के नाम लिखिए । *1×3=3*

(16.1) Name any one centre of Revolt of 1857.

(16.2) Name any one territory which was under Babur's control.

(16.3) Mention any three Buddhist sites.

**OR**

Name any three matured Harappan sites.




StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न सं. 16.1 और 16.2 के लिए

For question no. 16.1 and 16.2

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

## Outline Map of India (Political)



StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com